# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


# सिर्फ 2 रुपये मे देखे मुंकेश अंबानी का पुश्तैनी घर, जानिए हर कोने की कहानी।


Publisher

Published on 19 May 2025




## गरीबी से अमीरी तक की कहानी समेटे है यह घर।

क्या आप **मुकेश अंबानी** के उस घर को देखना चाहते हैं जहां उनका बचपन बीता था? अगर हां, तो महज **2 रुपये का टिकट** लेकर आप इस सपने को सच कर सकते हैं। गुजरात के **चोरवाड़** में स्थित यह घर आज एक **संग्रहालय** बन चुका है, जिसे अब **धीरूभाई अंबानी मेमोरियल हाउस** कहा जाता है।

### 100 करोड़ की संपत्ति मे बंदल गया साधारण घर

१. यह घर लगभग **100 साल पुराना** है और इसकी मौजूदा कीमत लगभग **₹100 करोड़** आंकी गई है।

२. यहीं **मुकेश अंबानी, अनिल अंबानी** और उनके भाई-बहन अपने माता-पिता के साथ रहते थे।

३. यह घर अब भी अंबानी परिवार की **संवेदनशील यादों** और **संघर्ष** की कहानी को जीवंत करता है।

### गुजराती वास्तुकला की मिसाल

१. घर को **गुजराती शैली** में बनाया गया है और यह करीब **1.2 एकड़** में फैला है।

२. यह **दो मंजिला भवन** है, जिसमें **आंगन, वृंदावन,** और **मध्य बगीचा** मौजूद हैं।

३. खिड़कियों पर लकड़ी की **नक्काशीदार कलाकारी** देखने लायक है।

४. यह संपत्ति मुकेश अंबानी के दादा **हीराचंद गोर्धनभाई अंबानी** की थी।

### अब बना है संग्रहालय – आम जनता के लिए खुला

१. 2011 में इस घर को संग्रहालय में बदला गया।

२. संग्रहालय **दो भागों** में विभाजित है: एक हिस्सा अंबानी परिवार के लिए आरक्षित है, जहां मुकेश अंबानी की मां **कोकिलाबेन**

**अंबानी** आती-जाती हैं।

३. दूसरा भाग ज**नता के लिए खुला** है, जिसमें **धीरूभाई अंबानी के फोटो, पुरस्कार और निजी वस्तुएं** प्रदर्शित की गई हैं।

**आधुनिक सुविधाएं लेकिन विरासत बरकरार**

१. इंटीरियर को प्रसिद्ध डिज़ाइन कंपनी **Amitabh Teotia Designs** ने रेनोवेट किया है।

२. घर में **सोलर लाइटिंग, सागवान की लकड़ी, और विंटेज फर्नीचर** आज भी मौजूद हैं।

३. रिनोवेशन में इस बात का खास ध्यान रखा गया कि पुराने समय की **सादगी और भावनाएं** बरकरार रहें।

**कब और कैसे जाएं?**

१. यह संग्रहालय **मंगलवार से रविवार तक सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे** तक खुला रहता है।

२. **सोमवार** और **सरकारी छुट्टियों** को बंद रहता है।

३. प्रवेश शुल्क मात्र ₹2 है।

4. यहाँ पर अंबानी परिवार की जीवन गाथा पर आधारित **पुस्तके और यादगार वस्तुएं** भी खरीदी जा सकती हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.